PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Ganga Jamuna
Year: 1961

Song: Do hanso ka joda
Lyricist: Shakeel Badayuni

दो हंसों का जोड़ा
बिछड़ गयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे

दो हंसों का जोड़ा
बिछड़ गयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे

मोरा सुख चैन भी
जीवन भी मोरा छीन लिया
पापी संसार ने
साजन भी मोरा छीन लिया
पिया बिन तड़पे जिया
रतियाँ बिताऊँ कैसे
बिरह की अग्नि को
अँसुवन से बुझाऊँ कैसे
जिया मोरा मुश्किल में
पड़ गयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे

रात की आस गई
दिन का सहारा भी गया
मोरा सूरज भी गया
मोरा सितारा भी गया
प्रीत करके कभी प्रीतम से
ना बिछड़े कोई
जैसी उजड़ी हूँ मैं
ऐसे भी न उजड़े कोई

बना खेल मोरा
बिगड़ गयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे

जीते जी छोड़ूँगी सैयाँ
न डगरिया तोरी
बीत जाएगी यूँ ही सारी
उमरिया मोरी
नैनों से होती रहेगी
यूँ ही बरसात बलम
याद में रोती रहूँगी तेरी
दिन रात बलम
नगर मोरे मन का
उजड़ गयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे
गजब भयो रामा

जुलम भयो रे
दो हंसों का जोड़ा
बिछड़ गयो रे
गजब भयो रामा
जुलम भयो रे
जुलम भयो रे
गजब भयो रामा

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.